संपादकीय

रूस के हमले से दांव पर दुनिया

बाईस फरवरी की शाम राष्ट्रपति व्लादिमीर ने अपने लोगों और शेष विश्व के नाम संबोधन में रूस को अमेरिका से दरपेश चुनौतियों के बारे में बताया। उनके दावे के मुताबिक यह सब रूस को पड़ोसी मुल्कों से दूर करने की गर्ज से है। उनका यह भाषण पड़ोसी यूक्रेन से बढ़ते तनावपूर्ण रिश्तों के बीच आया था। पुतिन ने भाषण में विशेष रूप से जिक्र किया कि अमेरिका ने दुर्भावनावश सोवियत रूस को कमतर और अस्थिर किया था। पुतिन ने पड़ोसी यूक्रेन की कथित भूमिका के बारे में भी तफ्सील से बताया कि वह भी रूसी संघ को अस्थिर करने वाली हालिया पश्चिमी साजिशों में शामिल हो गया है। उन्होंने भावुक होकर कहा, 'यहां मैं पुन: कहना चाहूंगा कि यूक्रेन हमारे लिए केवल पड़ोसी देश नहीं है। यह हमारे साझे इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिकता का अभिन्न हिस्सा रहा है।' उन्होंने आखिर में कहा कि मौजूदा हालात में यह जरूरी हो जाता है कि यूक्रेन में 'दोनेस्तक गणतंत्र' और 'लुहांस्क गणराज्य' द्वारा अपनी आजादी और संप्रभुता पाने वाली लंबित मांगों पर निर्णय लिया जाए। उनके इस प्रस्ताव को रूसी संसद ने आनन-फानन में मंजूर कर लिया। इस तरह 22 फरवरी को यूक्रेन के साथ बढ़ते तनावों में रूसी आक्रमण की भूमिका तैयार हो गई थी जो मुख्यत: अमेरिका के खिलाफ थी। राष्ट्रपति बाइडेन को इस घटनाक्रम पर तीखी घरेलू आलोचना का सामना करना पड़ा है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और उनके विदेश मंत्री रहे पोम्पियो के नेतृत्व में रिपब्लिकन राजनेताओं ने हल्ला बोलते हुए कहा कि जो कुछ हुआ वह स्थिति से सही तरह निपट पाने में बाइडेन प्रशासन की विफलता का नतीजा है और ठीक वैसा है जब प्रशासनिक शिकस्त की वजह से अफगानिस्तान से अमेरिकी फौज को बेइज्जत होकर वापसी करनी पड़ी थी। इसी बीच रूसी मीडिया ने गर्व से घोषणा की है कि दोनेस्तक और लुहांस्क ने यूक्रेन से निश्चयपूर्ण आजादी पा ली है। पुतिन ने यह साफ कर दिया है कि अब केवल दोनेस्तक और लुहांस्क ही नहीं बल्कि इलाकाई महत्वाकांक्षा का निशाना समूचा यूक्रेन है। उन्होंने अपने संबोधन में पूर्व सोवियत संघ की नीतियों की कटु आलोचना करते हुए किसी को नहीं बख्शा, जिसमें सोवियत काल के प्रतीक-पुरुष जैसे कि लेनिन, स्तालिन, ख्रुशचेव के अलावा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ सोवियत यूनियन के नेतृत्व की तीन पीढ़ियां भी शामिल हैं। कम शब्दों में कहें तो, पुतिन द्वारा विगत के उन राजनेताओं की आलोचना करना अजीब और गैरवाजिब है, जिन्होंने रूस की वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों की नींव रखी और सोवियत संघ को विश्वशक्ति बनाया था। पुतिन की इलाकाई महत्वाकांक्षा जाहिर होने के बाद चले घटनाक्रम ने रूस और दुनियाभर में हलचल पैदा कर दी है। जहां पहले यह महत्वाकांक्षा यूक्रेन के चंद इलाकों को 'आजादी' दिलवाने तक सीमित थी वहीं अब समूचा यूक्रेन कब्जाने के फैसले ने विश्व को चौंकाया है। उनका यह दावा यूक्रेन पर धावा बोलने के साथ लागू हुआ। आरंभ में कइयों को लगा कि वे सिर्फ क्रीमिया को रूस में मिलाना चाहते हैं, लेकिन पुतिन के ताजा कृत्य ने दुनिया को हैरान-परेशान कर दिया है। भारत ने पहले भी वार्ता के जरिए रूस-यूक्रेन तनाव कम करने वाले प्रयासों का समर्थन करके सही किया था और अब भी यूक्रेन की मौजूदा सीमारेखा में बदलावों के प्रयास की ताईद न करके समझदारी दिखाई है। भारत सहित शायद ही कोई मुल्क ऐसा होगा जो रूस द्वारा सैन्य कार्रवाई करके यूक्रेन को हड़पने या टुकड़ों में बांट देने को सही ठहराए। कोई हैरानी नहीं कि राष्ट्रपति बाइडेन ने रूस पर दबाव बनाने के लिए तमाम नाटो, यूरोपियन और एशियाई सहयोगियों को लामबंद होने का आह्वान किया है। बाइडेन ने सबसे ज्यादा जिन मारक प्रतिबंधों का प्रस्ताव दिया था, उसमें रूस को उपलब्ध विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सुविधाओं से महरूम करना शामिल था। अब इस पर अमल भी हो चुका है।

- जी. पार्थसारथी

फरवरी के निर्यात के आंकड़ों से उत्साह, यूक्रेन संकट से चिंता

नईदिल्ली । निर्यात जगत ने फरवरी में भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं के निर्यात में जोरदार सुधार जारी रहने पर उत्साह प्रकट करते हुए उम्मीद जाहिर की है कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक निर्यात पहली बार 400 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है। भारतीय निर्यात संघों के महासंघ फिओ के अध्यक्ष डॉ ए शक्तिवेल ने कहा कि फरवरी 2022 तक, लगातार 11 महीने से हर माह भारत का निर्यात 30 अरब डॉलर से ऊपर चल रहा है और हम इस वित्त वर्ष में 400 अरब डॉलर के निर्यात के लक्ष्य को पार करने की दिशा में बढ़ रहे हैं।

गौरतलब है कि वाणिज्य मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी विदेश व्यापार के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार इस बार फरवरी में वाणिज्य वस्तुओं का निर्यात 22.36 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 33.81 अरब डॉलर रहा। इसी दौरान आयात 34.99 वृद्धि 55.01 अरब डॉलर के बराबर रहा। डॉ शक्तिवेल ने कहा कि फरवरी में इंजिनियरिंग समान और पैट्रोलियम उत्पाद, रत्नाभूषण, कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन, बिजली के समान, सूती धागे और कपड़े, हैंडलूम के समान, प्लास्टिक और लिनोलियम और चावल के निर्यात में अच्छी वृद्धि हुयी।

भारतीय इंजिनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी इंडिया) के अध्यक्ष महेश देसाई ने कहा कि फरवरी इंजिनियरिंग वस्तुओं का निर्यात सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढक़र 9.2 अरब डॉलर के बराबर रहा। उन्होंने यूक्रेन संकट पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि उसका भारत के निर्यात पर क्या असर होगा इसका आंकलन नहीं किया गया है। श्री देसाई ने कहा, सीआईएस देशों रूस भारतीय इंजिनियरिंग समान का सबसे बड़ा बाजार है। रूस को वैश्विक स्विफ्ट प्रणाली (बैंकों के बीच सौदों की दूरसंचार से सूचना के आदान-प्रदान की व्यवस्था) से प्रतिबंधित कर दिए जाने से निर्यातकों को धन के भुगतान में देरी हो सकती है। रूस यूक्रेन संकट लंबा चला तो उसका असर निर्यात पर पड़ सकता है।

आरबीआई ने रद्द किया एक और बैंक का लाइसेंस, 99 प्रतिशत डिपाजिटर्स को वापस मिल जाएंगे पैसे

नईदिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महाराष्ट्र के सांगली में स्थित सरजेरोदादा नाइक शिराला सहकारी बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी और कमाई की संभावनाएं न होने के कारण आरबीआई ने यह कदम उठाया है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा, ''लाइसेंस रद्द होने के साथ सरजेरोदादा नाइक शिराला सहकारी बैंक लिमिटेड का बैंकिंग कारोबार बुधवार को कारोबारी दिवस के समाप्त होने के साथ बंद कर दिया गया है।''

बयान के अनुसार महाराष्ट्र में सहकारिता आयुक्त और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार से भी बैंक को बंद करने और ऋणदाता के लिए एक परिसमापक नियुक्त करने का आदेश जारी करने का अनुरोध किया गया है।

आरबीआई ने कहा कि परिसमापन पर प्रत्येक जमाकर्ता जमा बीमा और क्रेडिट गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) से पांच लाख रुपये की मौद्रिक सीमा तक जमा बीमा दावा राशि प्राप्त करने का हकदार होगा।

बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, बैंक के 99 फीसदी डिपाजिटर्स को उनके खाते में जमा पूरी राशि मिल जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके खाते में 5 लाख रुपये से कम जमा हैं। 27 जनवरी 2022 तक, डीआईसीजीसी ने बैंक के जमाकर्ताओं से मिले रिक्वेस्ट के आधार पर कुल 64.70 करोड़ रुपये इंश्योरेंस क्लेम के रूप में देने के लिए मंजूर किए हैं।

वित्त मंत्रालय 15 मार्च से राजस्व, व्यय की रोजाना करेगा निगरानी

नईदिल्ली । वित्त मंत्रालय राजकोषीय घाटे को तय लक्ष्य के भीतर रखने के लिए 15 मार्च से दैनिक आधार पर कर संग्रह सहित राजस्व प्राप्ति और खर्च की निगरानी करेगा।

एलआईसी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को स्थगित करने की आशंका के बीच यह फैसला किया गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक आईपीओ चालू वित्त वर्ष में ही आना था और इससे 60,000 करोड़ रुपये से अधिक मिलने की उम्मीद थी।

रूस-यूक्रेन युद्ध और भारत पर इसके प्रभाव के चलते आईपीओ के टाला जा सकता है।

दूसरी ओर, यूक्रेन में फंसे हजारों भारतीय छात्रों को वापस लाने के सरकार के फैसले से राजकोष पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

अधिकारियों के अनुसार कर और गैर-कर राजस्व संग्रह की दैनिक निगरानी से सरकार को जरूरत पडऩे पर समय रहते सुधारात्मक कार्रवाई करने में मदद मिलेगी।

कृष पाल ने जूनियर बॉक्सिंग में भारत को विजयी शुरुआत दिलाई

नईदिल्ली । जूनियर मुक्केबाज कृष पाल ने बुधवार को जॉर्डन की राजधानी अम्मान में शुरू हुए 2022 एएसबीसी एशियाई युवा और जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीत के साथ भारतीय चुनौती का आगाज किया है।

कृष ने 46 किग्रा जूनियर लडक़ों के पहले दौर के मैच में उज्बेकिस्तान के सोबिरजोन तस्तानोव को हराया। पिछले जूनियर नेशनल में मोस्ट प्रॉमिसिंग बॉक्सर चुने गए चंडीगढ़ निवासी कृष ने 4-1 से जीत दर्ज की। अब वह अगले दौर में फिलीपींस के रॉबर्ट मालू से भिड़ेंगे।दोनों मुक्केबाजों के बीच बराबरी का मुकाबला हुआ लेकिन कृष अपने प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़े और अंतत: जीत हासिल करने में सफल रहे।

आज रात बाद में दो अन्य भारतीय मुक्केबाज जूनियर एवं ब्वाएज वर्ग में अपने अभियान का आगाज करेंगे। रवि सैनी जहां 48 किग्रा भार वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के अल्सेदरानी अली बादेर से भिड़ेंगे वहीं जान लापुंग 52 किग्रा भार वर्ग के पहले राउंड के मुकाबले में किर्गिस्तान के लासनोव निजामेदीन से का सामना करेंगे।

भारत ने एशियाई युवा और जूनियर चैंपियनशिप के लिए 50 सदस्यीय दल जार्डन भेजा है। इस दल में जूनियर और यूथ दोनों वर्ग के 25-25 मुक्केबाज शामिल हैं।

16 मार्च तक चलने वाले इस महाद्वीपीय आयोजन में जोरदार प्रतिस्पर्धा होनी की उम्मीद है क्योंकि इसमें भारत के अलावा, ईरान, कजाकिस्तान, मंगोलिया, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान सहित 21 देशों के 352 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। फाइनल 13 और 14 मार्च को खेला जाएगा।

दुबई में 2021 में आयोजित एएसबीसी एशियाई युवा और जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पिछले संस्करण के दौरान, भारतीय दल ने 14 स्वर्ण सहित 39 पदक जीते थे।

महिला विश्व कप के सभी मुकाबलों में उपलब्ध होगा डीआरएस

दुबई । न्यूजीलैंड के माउंट मोनगानुई में शुक्रवार से शुरू हो रहे आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के सभी मुकाबलों में अंपायरों के फैसले की समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) उपलब्ध रहेगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को कहा कि चार मार्च से तीन अप्रैल तक चलने वाली यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता महिलाओं का सबसे अधिक वितरण वाला क्रिकेट टूर्नामेंट होगा जिसकी कवरेज अभूतपूर्व होगी।

यह दूसरी बार होगा जब महिला क्रिकेट विश्व कप में डीआरएस का इस्तेमाल किया जाएगा। सबसे पहले 2017 में इंग्लैंड में विश्व कप के दौरान इसका इस्तेमाल किया गया था।

आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा, फैसले की समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) सभी मुकाबलों में उपलब्ध होगा।

बयान के अनुसार, प्रसारण साझेदार दुनिया भर में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण करेंगे जिन्हें आईसीसी टीवी के जरिए वैश्विक फीड मिलेगी जिसके लिए प्रत्येक छह आयोजन स्थलों पर न्यूनतम 24 कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। महिला विश्व कप के पहले मैच में शुक्रवार को माउंट मोनगानुई में मेजबान न्यूजीलैंड का सामना वेस्टइंडीज से होगा।

कोहली 100वें टेस्ट को यादगार बनाने, रोहित टेस्ट कप्तानी के शानदार आगाज के इरादे से उतरेंगे

0-भारत-श्रीलंका पहला टेस्ट आज से

मोहाली। क्रिकेट के पारंपरिक स्वरूप को हमेशा प्राथमिकता देने वाले विराट कोहली जहां अपने 100वें टेस्ट मैच को यादगार बनाने की कोशिश करेंगे वहीं रोहित शर्मा श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में बड़ी जीत के साथ भारत के 35वें टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी पारी का धमाकेदार आगाज करना चाहेंगे। कोहली अपने इस 100वें टेस्ट मैच में शतक का इंतजार खत्म करके इसे यादगार बनाने की कोशिश करेंगे। वह पिछले दो साल से भी अधिक समय से तिहरे अंक में नहीं पहुंचे हैं।

इस टेस्ट मैच से रोहित की अगुवाई में भारतीय टीम की नयी यात्रा भी शुरू होगी। रोहित की सीमित ओवरों की क्रिकेट विशेषकर आईपीएल में सफलता से सभी वाकिफ हैं जहां वह महेंद्र सिंह धोनी जैसे दिग्गज को चुनौती देते रहे हैं। लेकिन टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी करना पूरी तरह से भिन्न होता है। रोहित अभी 34 साल के हैं और यह तय है कि वह लंबे समय तक यह जिम्मा नहीं संभालेंगे। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह भारतीय क्रिकेट में परिवर्तन के इस दौर को कैसे संभालते हैं जिसकी शुरुआत चेतेश्वर पुजारा, अंजिक्य रहाणे और इशांत शर्मा जैसे दिग्गजों को बाहर करने से हुई है। पूरी संभावना है कि पुजारा के नंबर तीन स्थान पर शुभमन गिल को उतारा जाएगा। रहाणे के पांचवें नंबर के स्थान के लिये हनुमा विहारी और श्रेयस अय्यर के रूप में दो दावेदार हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भी पांचवें नंबर पर उतारने का रणनीतिक फैसला किया जा सकता है। श्रीलंका की बल्लेबाजी कप्तान दिमुथ करुणारत्ने तथा अनुभवी दिनेश चांदीमल और एंजेलो मैथ्यूज पर निर्भर है।

सिनेमा के लिए बस्तर में हैं कई अनोखी कहानियां : सीमा आजमी

मशहूर अभिनेत्री व रंगकर्मी सीमा आजमी ने बस्तर टॉक के दूसरे सीजन के फेसबुक चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि बस्तर एक अनोखी जगह है जहां सिनेमा के लिए अधिक संभावनाएं है। प्राकृतिक सौन्द्रर्यता व वहां का जन जीवन हमेशा जनमानस को लुभाता रहा है। यही वजह है कि न्यूटन जैसे बस्तर के जीवन पर बनी कहानी को ऑस्कर तक पहुंचने का अवसर मिला।इससे पहले भी स्ट्रीट बर्गमेन की फिल्म जंगल सागा जो बस्तर के एक वनवासी बच्चें पर केन्द्रित थी जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में हुई। इस लिहाज से बस्तर हमेशा अपनी अलौकिक सुन्दरता के लिए सबके बीच चर्चा में रहती है। उन्होंने कहा कि जीवन में आपके पथ जितने कठिन होते है सफलता का आनंद भी उतना ही अच्छा होता है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में अपने चयन पर कहा कि यह संस्था थिएटर का यूपीएससी है जिसमें चयनित होने का सपना थिएटर व सिनेमा में जाने वाला हर युवा करता है। इसकी तैयारी निश्चित ही अध्ययन का मनोवैज्ञानिक स्वरूप है। चक दे इंडिया फेम अभिनेत्री सीमा आजमी ने कहा कि सपना देखने का अधिकार सबका है लेकिन जो संघर्ष करता है वही सफल होता है और हमेशा हमें सपने विशाल देखने चाहिए। ओटीटी प्लेटफार्म पर सेंसरशीप को लेकर उठे सवाल पर कहा कि यह एक ऐसा प्रश्न है कि हमें स्वसेंसरशिप पर अधिक काम करने की जरूरत हैं हमें क्या दिखाना चाहिए हमें आज से ही करने की जरूरत है।

द वारियर के निर्माताओं ने किया आधी का फर्स्ट लुक जारी



निर्देशक एन. लिंगुसामी की आगामी एक्शन एंटरटेनर फिल्म द वारियर के निर्माताओं ने फिल्म में आधी का फर्स्ट लुक जारी किया। इस फिल्म का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है। यह पहली बार है जब राम जाने-माने निर्देशक लिंगुसामी के साथ काम कर रहे हैं और इस फिल्म के साथ राम की कॉलीवुड में शुरुआत होगी।

टीम ने इस बात का भी खुलासा किया कि आदि ने फिल्म में गुरु नाम का एक किरदार निभाया है, जिसे बुराई का मास्टर कहा जाता है।

फिल्म में शानदार स्टार कास्ट है। फिल्म में कृति शेट्टी ने मुख्य भूमिका निभाई है। वह सीटी महालक्ष्मी नामक एक किरदार निभा रहीं हैं। फिल्म में अभिनेत्री अक्षरा गौड़ा भी मुख्य भूमिका में है।

आज का राशिफल

मेष: आज आपको तत्वज्ञान जैसे गहन विषयों में रुचि उत्पन्न होगी। आप मित्रों के साथ उस विषय पर लंबी चर्चा भी करेंगे। परंतु सभी विषयों का अमल जीवन में नहीं करेंगे, तो उसका कोई महत्त्व नहीं रहेगा।

वृष: किसी भी वस्तु या व्यक्ति पर आधिपत्य रखने वाली भावना आज मित्रों या स्नेहीजनों के दिल को ठोस पहुंचाएगी, जो आपके संबंधों को कलुषित करेगी। संबंध बिगडऩे पर भी आप उसकी तरफ से बेफिक्र रहेंगे।

मिथुन: परिवार, मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने की इच्छा बलवती बनेगी। ये पर्यटन पूर्व आयोजित भी हो सकते हैं। आपका दिन मौज-मस्ती एवं मनोरंजन में व्यतीत होगा। दांपत्यजीवन में अधिक घनिष्ठता महसूस होगी।

कर्क: अधूरे कार्य पूरे करने के लिए अधिक परिश्रम करेंगे। निजी मामलों की अपेक्षा कारकिर्दगी की समस्याओं को अग्रिमता देंगे और पूरे दिन नौकरी या व्यवसाय से संबंधित कायरों में उलझे रहेंगे।

सिंह: आज आपके विरोधीगण आपकी छवि और प्रतिभा खराब करने का प्रयास करेंगे। ऐसे समय में आप हिम्मत से काम लें। आपको अपने हिस्सेदारों को भी निर्णय लेने देना चाहिए, क्योंकि आज आप बहुत अधिक निर्णय नहीं ले सकेंगे।

कन्या: आज का दिन पठन, लेखन, मनन और ध्यान के लिए अनुकूल है। आप एकांकी पड़ जाने की भावना का अनुभव करेंगे, परंतु इनमें से कोई भी प्रवृत्ति आपका एकाकीपन दूर करेगी।

तुला: आज आप उत्साह और शक्ति से मचलते हुए कुछ अलग ही व्यक्ति होंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में आपकी प्रगति और विकास अच्छा होगा तथा अतिरिक्त समय में आपकी सृजनात्मकता झलक उठेगी। आपको विदेश में उच्च अध्ययन करने से संबंधित निर्णायक निर्णय करना पड़ेगा।

वृश्चिक: आपको आज वाणी पर संयम रखना होगा। नए प्रोजेक्ट या व्यापारी साहस शुरू करने के लिए अनुकूल दिन है। आपकी कार्यकुशलता और बुद्धिमत्ता पर आपकी हताशा प्रभाव न डाले, इसका ध्यान रखें। मानसिक तनाव के कारण आप थकान और कमजोरी का अनुभव करेंगे।

धनु: धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता ज़रूर दिलाएंगे। आज अगर आप दूसरों की बात मानकर निवेश करेंगे, तो आर्थिक नुक़सान तक़रीबन पक्का है।

मकर: आज आप सामान्य रहेंगे और उसके अनुसार व्यवहार करने का बहुत प्रयास करेंगे। परंतु आपकी अंतर्निहित भावनाएं बाहर प्रदर्शित हुए बिना नहीं रहेंगी। आप यह चाहेंगे कि कोई आपके साथ बात करे और आपके विचारों और भावनाओं में सहभागी बने।

कुंभ: मैनेजमेंट और प्रशासन व्यवस्था से जुड़े हुए व्यक्तियों के लिए खूब अनुकूल दिन है। आज आप अपने कार्य पूरी निष्ठा और व्यावसायिक उद्देश्य से करेंगे। विद्या सच्चा धन है, ऐसा आप मानते हैं, इसलिए अधिक ज्ञान प्राप्त करना चाहेंगे।

मीन: आज आप खेलकूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तंदुरुस्त बनाए रखेगा। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी- लेकिन आर्थिक तौर पर फ़ायदेमंद साबित होगी।

गेहूं के आटे की शुद्धता जांचने के लिए अपनाएं ये तरीके

पहले कई महिलाएं खुद ही गेंहू को पीसकर आटा बनाती थीं, जो शुद्ध होता था और इसे लंबे समय तक स्टोर भी किया जा सकता था। हालांकि, आजकल लोग इतनी मेहनत नहीं करते और बाजार से गेंहू का आटा खरीद लाते हैं जिसका रंग अलग होता है और इसे लंबे समय तक स्टोर भी नहीं किया जा सकता। ये मिलावटी भी हो सकता है। चलिए आज आपको गेंहू के आटे की शुद्धता पता लगाने के कुछ तरीके बताते हैं।

पानी आएगा काम- पानी के इस्तेमाल से गेहूं के आटे की शुद्धता चेक की जा सकती है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि सबसे पहले एक गिलास में पानी भर लें, फिर इसमें एक चम्मच गेंहू का आटा डालकर छोड़ दें। इसके बाद अगर आपको गेंहू का आटा पानी में तैरता मिले तो समझ जाइए कि मिलावट है। दरअसल, ऐसा तब होता है, जब आटे में चोकर की मात्रा कम और मिलावट सामग्री की मात्रा अधिक होती है।

नींबू का रस करेगा मदद- आप चाहें तो गेहूं के आटे की शुद्धता का पता लगाने के लिए नींबू के रस का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में एक चम्मच आटा डालकर इसके ऊपर नींबू के रस की कुछ बूंदें डालें, फिर चार से पांच मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। समय पूरा होने के बाद अगर आटे में बुलबुले उठने लगें तो समझ जाइए कि इसमें किसी न किसी चीज की मिलावट जरूर है।

हाइड्रोक्लोरिक एसिड सॉल्यूशन आएगा काम- गेहूं का आटा शुद्ध है या नहीं, इसका पता आप हाइड्रोक्लोरिक एसिड सॉल्यूशन की मदद से लगा सकते हैं। इसके लिए एक टेस्ट ट्यूब में एक चम्मच आटा और हाइड्रोक्लोरिक एसिड की तीन से चार बूंदें डालें, फिर इस मिश्रण में एक हल्दी पेपर की स्ट्रिप को डुबोकर निकाल लें। अगर स्ट्रिप के रंग में कोई बदलाव नहीं आया तो समझ जाइए कि आटा शुद्ध है, लेकिन अगर स्ट्रिप लाल रंग की हो जाती है तो आटे में मिलावट है।

अपनी उंगलियों की मदद से लगाएं पता- गेहूं के आटे में किसी तरह की मिलावट है या नहीं, इसका पता आप अपनी उंगलियों से भी लगा सकते हैं। इसके लिए बस थोड़े से आटे को अपनी उंगलियों पर अच्छे से रगड़ें। अगर आटे को रगडऩे के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं आए तो समझ जाए कि इसमें मिलावट नहीं है, लेकिन अगर यह इक_ा हो जाता है तो इसमें किसी चीज की मिलावट हो सकती है।

शब्द सामर्थ्य- 2

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचवां हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 001 का हल

वि	ज	य		ब	नि	या		दे
वा		ती	त	र		रा	जी	व
ह	मा	म		स	प	ना		ता
	न				टा			
दा	व	त		वि	ना	श		अ
य		ह	त्या			ह	र्जा	ना
रा	ह	त		न	ज	र		व
	वा				मी		ना	श्य
दु	ला	रा		जा	न	की		क

सू-दोकू- 2

	1			4			7	
		6	9		2			1
	7			6		8		2
1							8	
	8			5		2		3
3		2			4		1	
	3		2			4		
		8		1	6			7
9			4				2	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 001 का हल

3	9	6	8	2	5	4	7	1
8	2	5	1	7	4	6	3	9
7	1	4	6	9	3		2	5
1	8	9	3	6	7	2	5	4
2	6	7	5	4	8	1	9	3
5	4	3	9	1	2	7	8	6
6	7	2	4	3	9	5	1	8
9	5	1	7	8	6	3	4	2
4	3	8	2	5	1	9	6	7